OSEI-002

CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT PROGRAMME CODE : (CSM)

Term-End Examination

June, 2013 00595

OSEI-002 : DEALING WITH RISKS

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : *प्रश्न 1 के **सभी** भाग करने **अनिवार्य** हैं। प्रश्न 2 में से कोई **सात** तथा प्रश्न 3 में से कोई **तीन** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

भाग - क

1. खाली स्थान की पूर्ति करो। **10x1=10**

   (a) गाड़ी द्वारा __________ करते समय कर्मचारी के पास फर्स्ट-एड किट होनी चाहिए।

   (b) गश्त का पहला चक्कर __________ से किया जाना चाहिए।

   (c) गश्त को प्रभावकारी बनाने के लिए एक सुरक्षाकर्मी को अपनी __________ सेंसो का प्रयोग करना चाहिए।

   (d) एक सुरक्षाकर्मी को __________ से निपटने के लिये हमेशा तैयार रहना चाहिए।

   (e) __________ लेने से पहले कर्मचारी की सहमति लेना जरूरी होता है।

   (f) तलाशी का मुख्य उद्देश्य संस्थान में __________ को रोकना होता है।

(g) तलाशी के संबंध में __________ और __________ के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये जाते हैं।

(h) __________ की तलाशी वह प्रक्रिया होती हैं जिसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाता।

(i) सुरक्षाकर्मियों से आशा की जाती है कि वे __________ बनाए रखेंगे।

भाग - ख

सही/गलत *पर निशान लगाओ :* **10x1=10**

(a) प्रतिबन्धित क्षेत्रों में लोगों द्वारा धूम्रपान करना चाहिए। ( )

(b) ज्वलनशील पदार्थ के पास हीटर का प्रयोग करना चाहिए। ( )

(c) वाहनों की तलाशी प्रक्रिया को सुरक्षाकर्मी द्वारा नियमित तौर पर चलाया जाता है। ( )

(d) तलाशी कराने से चोरियों को रोका जा सकता है। ( )

(e) लेडी गार्ड न होने की स्थिति में महिलाकर्मी की तलाशी नहीं ली जा सकती। ( )

(f) विशेष तलाशी, प्रदाता के निर्देशों के तहत ली जाती है। ( )

(g) क्या पुरुष अपनी टाई में किसी वस्तु को छुपा सकता है? ( )

(h) एयरपोर्ट पर बैग /सूटकेस को चैक करने के लिए एक्स-रे मशीन का प्रयोग किया जाता है। ( )

(i) रद्दी के टोकरी में जलते हुये सिगरेट के टुकड़ों को डालना चाहिए। ( )

(j) पुराने/खराब विद्युत उपकरणों को प्रयोग में लाना चाहिए। ( )

भाग - ग

मिलान कीजिए। 8x1=8

(a)	ज्वलनशील पदार्थ	(i)	गश्त का प्रकार
(b)	एक्स-रे मशीन	(ii)	पैदल गश्त
(c)	सुरक्षा अधिकारी का प्रवेश प्रतिबंध	(iii)	सुरक्षा लॉग बुक
(d)	स्टेटिक पैट्रोल	(iv)	शक की स्थिति में मिलना
(e)	फूट पैट्रोल	(v)	किलाबन्दी
(f)	हादसे का विवरण	(vi)	पैट्रोलियम पदार्थ / गैसें
(g)	प्रांचल	(vii)	तलाशी यंत्र
(h)	संदिग्ध स्थिति	(viii)	बहिष्कृत क्षेत्र

2. ***किन्हीं सात*** प्रश्नों के उत्तर दो : 7x6=42

(a) आग लगने पर सुरक्षाकर्मी द्वारा की जाने वाली कार्यवाही संक्षेप में लिखें।

(b) अपहरण की परिभाषा लिखते हुये बताईये कि आप किस प्रकार इस आपात स्थिति से निपटेंगे?

(c) भवन खाली कराने का कौन-सा तरीका अपनाया जाता है? संक्षेप में लिखें।

(d) तलाशी की आवश्यकता क्यों होती है तथा इसे कराने से क्या-क्या लाभ होते हैं?

(e) तलाशी का मुख्य उद्देश्य क्या होता है तथा इससे संबंधित क्या हिदायतें अपनाई जाती हैं?

(f) आकस्मिक तलाशी तथा विशेष तलाशी में अंतर स्पष्ट करें। क्या विपरीत लिंग द्वारा तलाशी ली जा सकती है?

(g) तलाशी किन-किन व्यक्तियों की ली जाती है तथा किन-किन लोगों को इससे छूट दी जाती है?

(h) उन स्थितियों को संक्षेप में लिखें जिनके कारण आग लगने का खतरा बना रहता है।

(i) गश्त पर जाते समय गाड़ी से संबंधित किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(j) सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटियों पर छः लाईने लिखो।

3. ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर दो : **3x10=30**

(a) आपतकालीन सेवाओं में पुलिस तथा नगरनिगम की भूमिका का वर्णन करो।

(b) विस्तारपूर्वक समझाईयें कि गश्त करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए?

(c) गश्त कितने प्रकार की होती है तथा इससे कौन-कौन सी जानकारियाँ मिल सकती हैं? वर्णन करें।

(d) तलाशी लेने संबंधी नियमों की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

(e) सुरक्षाकर्मी के उत्तरदायित्वों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालिए।